प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 12 नवम्बर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

हरियाणा के पुलिस निदेशक ओ पी सिंह ने कहा है कि दिल्ली में हुए धमाके के बाद पूरे प्रदेश में चौकसी बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया –

पंचकूला की पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता ने कहा है कि पंचकूला पुलिस जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरत रही है। एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद ही पंचकूला पुलिस की टीमों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड और पार्किंग स्थलों पर लावारिस वस्तुओं की तलाशी ली। इसके अलावा नौ प्रमुख नाकों पर पुलिस का कड़ा पहरा लगाया गया है, सा□ ही सभी □ाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अतिरिक्त नाके स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया –

उन्होंने कहा कि सेकेंड हैंड कार डीलर्स के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं ताकि पता लगाया जा सके कि किन वाहनों की बिक्री किन व्यक्तियों को की गई है। इसमें संदिग्ध व्यक्तियों की सत्यापन प्रक्रिया जारी है।

****

जींद में भी बम ब्लास्ट के बाद पुलिस अलर्ट पर है। चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पुलिस अधिकारी जगह-जगह आने-जाने वाले वाहनों की जांच कर रहे हैं।पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शहर में चौक चौराहों पर पुलिस तैनात की गई है। संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। रेलवे स्टेशन, होटलों, बस अड्डा परिसरों, नागरिक अस्पतालों, धर्मशाला, सार्वजनिक स्थलों में भी सघन जांच के दिशा-निर्देश दिए गए है।उन्होने बताया कि जिले के सभी □ाना प्रबंधकों व चौकी इंचार्जों को अपने-अपने क्षेत्र में पैनी नजर रखने को कहा गया है।

****

भारतीय चिकित्सा संघ–आईएमए की फरीदाबाद इकाई ने लाल किले के पास हुए धमाके में मृतकों और घायलों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। चिकित्सा संघ के फरीदाबाद के प्रधान डॉ. राजीव गुंबर और मीडिया प्रबंधक डॉ. सुरेश अरोड़ा ने कहा कि इस विस्फोट में अल-फलाह मेडिकल कॉलेज के कुछ डॉक्टरों के लिप्त होने की बात सामने आ रही है, जो पूरे चिकित्सक समाज के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरी पेशा समाज सेवा का प्रतीक है और इसमें किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या पेशे का दुरुपयोग असहनीय है।

****

रोहतक के प्रताप चौक पर आज सुबह शार्ट सर्किट की वजह से एक दुकान में आग लग गई जिससे दुकान के अंदर रखा हुआ गैस सिलेंडर फट गया। जोरदार धमाके के बाद फैली आगने कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे आसपास की कई दुकानों में रखा हुआ सामान भी जलकर राख हो गया। दुकानों के अंदर बच्चों के स्कूल बैग, महिलाओं के सूट, प्लास्टिक के टिफिन, स्टूल व अन्य घरेलू सामान रखा □ा। धमाके की वजह से दुकान के ऊपर बने मकान में भी दरार आ गईं। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

****

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य स्तरीय ‘सांस’ यानि सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्यूट्रलाइज निमोनिया सक्सेसफुली- अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान प्रदेशभर में आगामी 28 फरवरी तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया से होने वाली मृत्यु दर को कम करना त□ा समुदाय स्तर पर रोक□ाम, पहचान और उपचार को मजबूत बनाना है।

पलवल के उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनजागरूकता अभियान चलाएंगी। इस दौरान अभिभावकों को बच्चों में निमोनिया के प्रमुख लक्षण, जैसे तेज सांस लेना, लगातार खांसी और बुखार आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों को राष्ट्रीय निमोनिया प्रबंधन दिशा निर्देश के अनुरूप प्रशिक्षण दिया गया है ताकि प्रत्येक स्तर पर बच्चों को समय पर सही

उपचार मिल सके। अभियान के दौरान पीसीवी, पेंटावेलेंट और एमआर वैक्सीन का टीकाकरण भी किया जाएगा।

****